तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 आकाशीय बिजली के लिए डेंजर जोन है सोनहत

## खबर संक्षेप

### द्वितीय चरण में प्रवेश पंजीयन के लिए पीजी कॉलेज ने खोला पोर्टल

**अम्बिकापुर।** राजीवगांधी स्नात्तकोतर महाविद्यालय द्वारा जारी प्रथम मेरिट सूची से छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। स्नातक के कुछ संकायों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की लंबी लाइन लगी है वहीं कुछ संकायों में उपलब्ध सीट की तुलना में कम पंजीयन हुए हैं वहीं प्रवेश की रफ्तार भी कम हो गई है। स्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने स्नातक गणित एवं कामर्स में प्रवेश पंजीयन के लिए दूसरी मेरिट सूची के लिए दूसरी मेरिट सूची के लिए ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन हेतु बुधवार को पुनः अपना पोर्टल खोला है। संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी स्वशासी पीजी कॉलेज में जुलाई से प्रथम मेरिट सूची के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। अब तक कला संकाय में 262, वाणिज्य में 135, बॉयोलॉजी मं 77, गणित में 82 एवं बीसीए में 19 प्रवेश दिए गए हैं। अभी भी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्रारंभ में स्नातक कला की 800 सीट के लिए 1221, विज्ञान, गणित 275 के लिए 262 , बॉयो की 250 सीट के लिए 1075, बीकॉम की 440 सीट के लिए 615 एवं बीसीए की 60 सीट के लिए 179 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। प्रथम मेरिट सूची से प्रवेश की रफ्तार कम होने पर कॉलेज ने दूसरी मेरिट सूची के लिए बुधवार को अपना पोर्टल खोला है। विद्यार्थी 26 जुलाई तक दूसरी मेरिट सूची के लिए अपना पंजीयन करा सकेंगे। बीसीए एवं बॉयो संकाय के लिए उपलब्ध सीट की तुलना में अत्यधिक पंजीयन होने के कारण दोनों संकायों, द्वितीय चरण के प्रवेश पंजीयन से मुक्त रखा गया है, जबकि पीजीडीसीए, डीसीए के लिए पूर्व में ही 15 जुलाई तक पंजीयन कराने की तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी संबंधित संकायों में द्वितीय चरण के प्रवेश के लिए 26 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम भैरोपुर निवासी 24 वर्षीय बुधराम कुजूर आ. स्व. बीरबल कुजूर 9 जुलाई को ग्राम परसागुड़ी से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान ग्राम भदार में अज्ञात वाहन का चालक युवक की बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया। गुरुवार को मृतक की पहचान होने के बाद पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### कटार सहित 5 नग तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरेआम धारदार हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कटार समेत कुल 5 नग तलवार बरामद किया है। आरोपी पूर्व में भी कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को मणिपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। इस दौरान पुलिस जब मौके पर पहुंची तो अतुल कश्यप नामक युवक लोहे का कटार लहराकर लोगों को जान से मारने की धमकी देकर दहशत फैला रहा था। पुलिस ने मौके से मणिपुर थाना अंतर्गत बीएसएनएल ऑफिस रोड दर्रीपारा निवासी 22 वर्षीय अतुल कुमार कश्यप उर्फ आदिनाथ कश्यप आ. काशीनाथ कश्यप को हिरासत में लेकर कटार बरामद किया। इसके साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के घर से 5 नग तलवार बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व से कई अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रूप में हो रहा संचालन

# छत से टपकते पानी से संरक्षित करने भेजा गया था शेड निर्माण का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अस्पताल सह रघुनाथ जिला चिकित्सालय को संरक्षित करने के लिए भेजा गया प्रस्ताव निरस्त हो गया। भवन की छत से पानी टपकने की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए शेड स्थापित करने के प्रस्ताव को एक साल बाद भी मंजूरी नहीं मिल पाई। ऐसे में इस बार भी अस्पताल में मरीजों को छह से टपकते पानी के बीच ही अपना उपचार करना पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि रियासतकालीन भवन के मरम्मत के लिए राशि नहीं मिलने से आने वाले समय में इस भवन की स्थिति और भी जर्जर हो जाएगी।

**खास बात**

- नहीं मिली मंजूरी, जर्जर हो रहा रघुनाथ जिला चिकित्सालय भवन, वार्डों में टपक रहा पानी

शहर का रघुनाथ जिला चिकित्सालय वर्षों से शहर सहित संभागभर से आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराता आ रहा है। इस भवन की महत्ता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इसकी स्थापना वर्ष 1931 में महाराज रामानुज शरण सिंहदेव ने रघुनाथ चिकित्सालय की स्थापना की थी और तब से इस भवन के नीचे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। आज इसी भवन की वजह से सरगुजा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मान्यता मिली। मान्यता मिलने के बाद से ही अस्पताल का संचालन मेडिकल कॉलेज के नाम पर हो रहा है और सारे सुविधाएं भी मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मिल रही है लेकिन अब यह भवन जर्जर हो चुका है। समय समय वे इस भवन के मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन बारिश शुरू होने के साथ ही वार्डों में पानी सीपेज की समस्या बनी रहती है। पानी सीपेज के कारण कई वार्डों में कई गई फाल सीलिंग खराब हो गई और वार्डों में पानी टपकते रहता है।

महिला वार्ड के छत को सुरक्षित करेन लगाया गया शेड।

**यहां सबसे ज्यादा समस्या**

छत में सीपेज की समस्या के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल सह जिला चिकित्सालय के पुरुष सर्जिकल वार्ड, आर्थो वार्ड, गलियारा, मेडिकल वार्ड, ओपीडी कक्ष, चिकित्सक कक्ष सहित अन्य हिस्सों में पानी टपकने की समस्या है। अस्पताल की छत पर एक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वाटर प्रूफिंग की गई, प्लास्टिक पन्नी बिछाई गई लेकिन इस बारिश में फिर से वहीं समस्या सामने आ रही है।

**शेड निर्माण का गया था प्रस्ताव**

अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल की छत पर वाटर प्रूफिंग की कोटिंग काफी मोटी हो गई है इसलिए यहां भी नकीपुरिया वार्ड, हमर लैब की तरह ही छत के ऊपर पानी रोकने के लिए शेड निर्माण की योजना विगत वर्ष बनाई गई थी। इसके लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था लेकिन लंबे समय के बाद भी इसे स्वीकृति नहीं मिली। हाल ही में इस प्रस्ताव को इस आधार पर रिजेक्ट कर दिया गया कि आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अपने नए भवन में चल जाएगा इसीलिए इस राशि की जरूरत नहीं है लेकिन बड़ा सवाल तो यही है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए भवन में शिफ्ट होने के बाद भी यहां 100 बिस्तरीय अस्पताल संचालित होगा। इसके साथ ही यह आजादी के पहले का भवन है जिसके संरक्षण की भी जिम्मेदारी हमारी ही है।

# 3 व 5 हजार में साइबर ठगों को उपलब्ध कराता था बैंक अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रतिमाह 3 हजार रुपए में सेविंग और 5 हजार रुपए में करंट अकाउंट साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बता दें कि एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी याकूब मेमन के नेतृत्व में म्यूल अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने चलगली मानिकपुर निवासी 21 वर्षीय अमरेश पाल आ. अर्जुन पाल के बैंक खातों की जांच की। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपी अमरेश पाल ने अपने नाम से एडीएफसी और सेन्ट्रल बैंक में खाता खोलकर अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से प्रति सेविंग बैंक अकाउंट 3 हजार रुपए और प्रति करंट अकाउंट 5 हजार रूपए प्रतिमाह की दर से साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। उक्त खातों से साइबर ठगों ने ऑनलाइन की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 61(2) (क) के तहत हिरासत में लेकर पूछताछ की तो कमीशन के लिए आरोपी ने अपना बैंक अकाउंट ठगों को उपलब्ध कराने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भापेन्द्र साहू, सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र तिवारी, आरक्षक सचिन सिंह सक्रिय रहे।

# ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

गुरुवार को एनएच 130 पर विधायक निवास के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक शोक पत्र बांटने के लिए निकला हुआ था इस दौरान वह वाहन की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रेलर को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोतका निवासी चरण सिंह आ. बंधू राम गुरुवार को शोक पत्र बांटने के नाम पर निकला हुआ था। इस दौरान युवक दोपहर 1.30 बजे जैसे ही एनएच 130 पर विधायक निवास के समीप पहुंचा तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को अपनी चपेट में ले लिया। साइड से हुई टक्कर के बाद बाइक सवार युवक के सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया और मृतक की शिनाख्त के बाद शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर चालक व वाहन की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

- विधायक निवास के सामने हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

**सड़क पर अतिक्रमण भी बनी दुर्घटना का कारण**

गुरुवार को सड़क दुर्घटना में युवक की मौत का कारण तेज रफ्तार ट्रेलर के साथ ही एनएच की सड़क पर किया गया अतिक्रमण भी है। नगर में पुलिस थाना से लेकर बस स्टैंड तक दुकादारों द्वारा अपने सामानों को सडक पर निकालकर अतिक्रमण कर लिया जाता है। सड़क पर सामान निकालने के साथ ही दुकानों में आने वाले लोगों द्वारा बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग भी की जाती है। ऐसे में सड़क पर हर पल जाम की स्थिति बनती रहती है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सड़क पर किए गए कब्जे को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार व्यापारियों की बैठक लेकर समझाईस दी गई कि वे अपने सामानों को दुकानों के अन्दर रखें और वाहनों की पार्किंग सही तरीके से कराए लेकिन दुकान संचालक मनमाने तरीके से सामानों को दुकान के बाहर निकालकर व्यापार कर रहे है और उनकी इस ममानी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर में आए दिन जाम की स्थिति बनती है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है जिसमें कई लोगों की मौत हो गई है।

### रिश्ते के चाचा ने किया 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर से रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। इस मामले में रिश्ते के चाचा ने 6 साल की बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। गनीमत रही की बच्ची की शोर सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंच गई। इस मामले में पुलिस ने अपचारी बालक को गिरफ्तार कर बाल न्यायालय में पेश किया है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत रहने वाली 6 वर्षीया बच्ची 8 जुलाई को गांव के स्कूल के पास खेल रही थी। इस दौरान 17 वर्षीय नाबालिग रिश्ते का चाचा बच्ची को स्कूल के सामने से जबरन उठाकर ले गया और उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। छेड़छाड़ के दौरान जब बच्ची ने शोर मचाया तो उसकी मां मौके पर पहुंची गई। इस दौरान बच्ची ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। इस मामले में बच्ची की मां ने थाने में सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अपचारी बालक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने अपचारी बालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 137 बी, पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत गिरफ्तार किया है।

# कमीशन के लिए साइबर ठगों को उपलब्ध कराया खाता

**अंबिकापुर।** साइबर ठगी के मामले में रामानुजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन की लालच में बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया। आरोपी द्वारा उपलब्ध कराए गए खाते में 20 लाख रूपए से अधिक का अवैध ट्रांजैक्शन हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम धमनी निवासी 20 वर्षीय संदीप सिंह आ.राजा सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में एक प्रचार एड देखने के दौरान उसने अपना मोबाइल नम्बर उस एड में पंजीकृत किया था। इस दौरान उसे एक फोन आया और फोन करने वाले गिरोह ने जानकारी देकर बताया कि लोगों को कॉल करके लालच देकर पैसा कमाने का काम किया जाता है और यदि वह अपना खाता उपलब्ध कराता है तो उसे प्रतिमाह कमीशन दिया जाएगा। साइबर ठगों के कहने पर आरोपी ने केनरा बैंक में खाता खुलवाकर साइबर ठगों को पासबुक और एटीएम कार्ड उपलब्ध कराया। आरोपी संदीप के खाते से 20 लाख 82 हजार रुपए के अवैध लेनदेन की पुष्टि हुई है और कुल 13 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज हुई है। ऐसे में पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह को भादवि की धारा 406, 411, 413, 414, 420 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजगंज अजय साहू, सउनि कल्याण सिंह , प्रधान आरक्षक नारायण तिवारी सक्रिय रहे।

- 20 लाख से अधिक के अवैध लेनदेन की पुष्टि, आरोपी गिरफ्तार

# ऑटो और बाइक में टक्कर, दबकर एक युवक की मौत

**बलरामपुर।** बीती रात चांदो रोड में तेज रफ्तार ऑटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। टक्कर के बाद युवक ऑटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को साप्ताहिक बाजार के बाद आधा दर्जन से अधिक लोग ऑटो क्रमांक सीजी 15 एडी 1002 में बैठकर चांदो महाराजगंज की ओर जा रहे थे। इस दौरान रात 8.30 बजे जैसे ही वे मुख्यालय से 4 किमी दूर ग्राम सरनाडीह पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना के बाद यात्रियों से भरी ऑटो पलट गई जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान अतो में दबने से डवरा अंतर्गत ग्राम अतौरी निवास 20 वर्षीय शिव कुमार आ. बिकुल साय की मौत हो गई जबकि ग्राम मंगरहरा निवासी सचिन कुमार आ. देवलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि शव को मर्च्युरी में भेजा गया। इस दुर्घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार के साथ ही क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना भी है। ऑटो में आगे की सीट के साथ पीछे भी लोगों को बैठाया गया था और टक्कर के बाद ऑटो पलट गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- क्षमता से अधिक यात्री थे सवार

# महिला रक्षा टीम को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने एवं महिला संबंधी अपराधों के रोकथाम स्कूल-कॉलेजों के आसपास, शहरी व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिला पुलिस बल की उपस्थिति, सतत पेट्रोलिंग तथा महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता के आयोजन कराने के उद्देश्य को लेकर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप को नोडल अधिकारी नियुक्त कर 9 सदस्यीय महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की महिला रक्षा टीम का गठन किया गया है। गुरुवार को जिला पुलिस कार्यालय से गठित महिला रक्षा टीम को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर व एएसपी संतोष महतो ने हरी डण्डी दिखाकर रवाना किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि समय की आवश्यकता के अनुरूप पुलिस की भूमिका बढ़ी है, गठित महिला रक्षा टीम का उद्देश्य जिले की महिलाओं-छात्राओं के लिए निडर वातावरण बनाना, महिलाओं को अपराधों से बचने के उपाय बताना, कुछ होने पर पुलिस को आसानी से सम्पर्क करने के लिए प्रेरित करना है, सोशल मीडिया को लेकर आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक करना है। यह टीम स्कूल कॉलेजों सहित अन्य जगहों पर पहुंचेगी साथ ही स्कूल-कॉलेज लगने एवं छूटने के दौरान सतत पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखेगी। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, निरीक्षक जावेद मियांदाद, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृज किशोर पांडे, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव मौजूद रहे।

- महिलाओं के लिए निडर वातावरण बनाने महिला रक्षा टीम स्कूलों, कॉलेजों के पास करेगी पेट्रोलिंग

### करना पड़ा ग्रामीणों के विरोध का सामना, संशोधित आदेश के बाद भी नहीं माने ग्रामीण

# शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश, पहुंच गए गांव में लगाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश लेकर कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मनमाने ढंग से मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। कंपनी के लोग अपनी मर्ची चलाते हुए पुराने आदेश के आधार पर गांव में लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे है लेकिन गुरुवार को शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश लेकर दरिमा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाना महंगा पड़ गया। मीटर लगाने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बाद में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

बताया जा रहा है कि विगत कुछ दिनों से ग्राम बकालो और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जिस आदेश पर जारी था वो अम्बिकापुर शहर के लिए जारी था। यह आदेश 4 अक्टूबर 2024 को जारी था। इस आदेश के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि स्मार्ट मीटर विद्युत खपत की सही रीडिंग न कर बढ़चढ़कर रीडिंग करता है। ग्रामीण इस बात से भी परेशान थे कि इस प्रीपेड मीटर के लग जाने पर वो कैसे अग्रिम भुगतान कर बिजली का उपयोग करेंगे। पहले से ही अधिक विद्युत दर से परेशान ग्रामीणों को प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने से बढ़ने वाले व्यय को लेकर भयभीत थे। उसपर अम्बिकापुर शहर को लेकर जारी आदेश के आधार पर गांव में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर कंपनी के कर्मचारियों के दबाव से वे आक्रोशित हो गए। इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता को बुलाया। मौके पर पहुंच उन्होंने इस मसले को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इसके उपरांत विद्युत विभाग के अधिकारी संशोधित आदेश की कॉपी लेकर वहां पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को मौखिक रूप से आश्वस्त करने का प्रयास किया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर से विद्युत बिलों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी लेकिन ग्रामीण इस आश्वासन पर सहमत नहीं हुए उन्होंने इसका विरोध जारी रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान नारद गुप्ता, ग्राम बकालो के सरपंच अविनाश, नीलेश गुप्ता एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### आज से सावन की होगी शुरूआत

**बैकुण्ठपुर।** श्रावण मास की पावन शुरूआत इस वर्ष 11 जुलाई शुक्रवार से हो रही है। भगवान शिव को समर्पित यह मास श्रद्धा, भक्ति और तपस्या का प्रतीक माना जाता है। सावन की पहली संध्या से ही जिले के मंदिरों में विशेष आरती, झांकी, भजन और रुद्राभिषेक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों प्रेमाबाग, झुमका और छुरीगढ़ में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। मंदिरों को आकर्षक सजावट से सजाया गया है और समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा भी तय कर दी गई है। प्रेमाबाग के प्राचीन शिव मंदिर में सावन के पहले दिन भव्य श्रृंगार, पंचामृत स्नान और शिव महिम्न स्तोत्र पाठ होगा। मंदिर समिति द्वारा रात्रि भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है जिसमें स्थानीय भजन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। सावन के तीसरे सोमवार को छुरीगढ़ के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों का जत्था पहुंचेगा, जो स्थानीय जलस्त्रोतों से जल लेकर शिवलिंग पर अभिषेक करेंगे।

### कैरियर काउंसिलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला

**अनूपपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी कॉलेज अनूपपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा एवं केके मेमोरियल समिति शाहपुर जिला उमरिया के द्वारा कैरियर काउंसिलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन तुलसी महाविद्यालय के विज्ञान भवन के सभागार में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव और श्री नामदेव और डॉ. सुशील सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और कैरियर काउंसिलिंग पर छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर कैरियर से संबंधित उनकी समस्याओ का समाधान कर मार्गदर्शन।

### बीएलओ प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसीक्रम में 86-कोतमा विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) का प्रशिक्षण 10 जुलाई को शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण कर जायजा लिया और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में 202 बीएलओ एवं 20 बीएलओ सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर्स डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, अजय सिंह चौहान, डीआर बांधव, आरके मिश्रा, विजय तिवारी, संतोष सक्सेना, यूके तिवारी, सुधीर जैन, रामजी पटेल, राजमणि पाण्डेय, बीके विश्वकर्मा, केके गौतम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

---

### बारिश के मौसम में ज्यादा सामने आती है घटनाएं

**तड़ित चालक लगाने की मांग**

# आकाशीय बिजली के लिए डेंजर जोन है सोनहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसूनी सीजन में आसमान से केवल बारिश ही नहीं होती बल्कि आकाशीय बिजली का भी कहर बरसता है। कोरिया जिले में प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली से जनधन की भी हानि होती है। जिले के सोनहत ब्लाक में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है। इसी क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत लटमा मानसूनी सीजन में आकाशीय बिजली गिरने के मामले में खतरनाक क्षेत्र बन गया है।

कोरिया जिले में वैसे तो प्रतिवर्ष बरसात के सीजन में मानसून आने साथ बारिश ही नहीं बल्कि आसमान से बरसती बिजली का खौफ भी लाता है, लेकिन जिले के सोनहत ब्लाक का कई क्षेत्र बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली गिरने की ज्यादा घटनाएं होती है। सोनहत ब्लाक का ग्राम लटमा में प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने की घटना होती है, जो लटमा गांव की भौगोलिक स्थिति और संभवतः यहां के विभिन्न वायुमंडलीय हालात ग्राम लटमा में आकाशीय बिजली के लिए एक असामान्य रूप से संवेदनशील क्षेत्र बनाते हैं। प्रतिवर्ष मानसूनी सीजन में यहां के निवासियों के लिए बादलों की गड़गड़ाहट सिर्फ मौसम के बदलाव का नहीं बल्कि जीवन के लिए खतरे की घंटी भी बजाता है। ऐसे में ग्राम लटमा क्षेत्र के लोगों को बरसात के सीजन में आकाशीय बिजली के कहर से बचने के लिए कौन-कौन से उपाय अपनाना चाहिए और कौन सी लापरवाही नहीं करनी चाहिए, इसे लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि यहां के लोग बारिश के दिनों में बादलों के गड़गड़ाहट के बीच आकाशीय बिजली से अपना बचाव कर सके। साथ ही तड़ति चालक लगाए जाने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।


आकाशीय बिजली की चपेट में आया पेड़।

#### बज्रपात से पेड़ के दो फाड़

बीते दिनों ग्राम लटमा में शाम ढलने के बाद जब तेज बारिश हो रही थी, इसी दौरान गांव के किनारे एक खेत में स्थित महुआ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी, इससे पुराना महुआ का पेड़ का एक हिस्सा गिरकर दो फाड हो गया। वहीं जिस जगह से वज्रपात हुआ, उस जगह से पेड़ के नीचले हिस्से के चारो ओर पेड़ की छाल छिलकर निकल गया। यह तो खुश किस्मती थी कि घटना शाम ढलने के बाद हुई, अन्यथा खेत में काम करने वाले लोग इसकी चपेट में आ जाते।

#### बैकुंठपुर में कई टीवी हुए खराब

बीते दिवस आकाशीय बिजली की चपेट में आने से शहर में करीब 100 की संख्या में टीव्ही, एलसीडी खराब हुए थे। एकाएक तेज बिजली चमकने से टीव्ही खराब होने की संख्या बढ़ी थी। नगर पालिका काम्प्लेक्स स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान के संचालक गुड्डा ने बताया कि बारिश के मौसम में टीव्ही उड़ने की शिकायत ज्यादा आते हैं, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ये उपकरण जल जाते हैं।

---


अधिवक्ता संघ की बैठक लेते न्यायाधीश।

## डीजे ने अधिवक्ता संघ की ली बैठक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता एवं सुलाह परामर्श समिति (एमसीपीसी) नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश /जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी ने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण के लिए अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के साथ बैठक ली।

एसओपी के अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से लंबित प्रकरणों के निराकरण किए जाने के लिए 90 दिवस का समय-सीमा निर्धारित किया गया है। राष्ट्र के लिए 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने बैठक में कहा कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रकिया है, जो न्यायिक प्रक्रिया से अलग है, जिसमें एक तीसरे स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दो पक्षों के बीच अपने सहयोग से उनके समान हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने के लिए उन्हें तैयार करता है। जिसमें पक्षकार अपनी सहमती से लंबित प्रकरणों को सौहाद्रपूर्ण निपटा सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, ऋण वसूली, बेदखली संपत्ति विभाजन, भूमि अधिकरण सहित अन्य सिविल मामले एवं राजिनामा योग्य आपराधिक मामलों का निपटारा संभव है। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने मध्यस्थता कार्रवाई में आने वाली समस्याओं के संबंध में अधिवक्तागण से चर्चा किया और अधिक से अधिक न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किए जाने का अपील किया। अधिवक्ता संघ के द्वारा उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।

उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश बैकुंठपुर आशीष पाठक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीपी मोहंती, सचिव मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, समस्त अधिवक्ता एवं लीगल डिफेंस सिस्टम के चीफ अजय सिंह, डिप्टी एवं असिस्टेंट उपस्थित रहे।

---

## शिक्षकों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालय, घुघरा (सोनहत) में शिक्षकों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

- एकलव्य विद्यालय घुघरा में शिक्षण गतिविधियों पर हुई विस्तार से चर्चा

बैठक में पिछली परीक्षाओं में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का आंकलन करते हुए कलेक्टर ने शिक्षकों से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना की जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षण में नवीन तकनीकों जैसे ऑडियो, वीडियो और मैपिंग का उपयोग किया जाए। विषयवार चर्चा के दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने पढ़ाने के स्तर में नवाचार लाने और बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी जैसे होते हैं, उन्हें जिस माहौल में ढाला जाएगा, वे वैसा ही बनेंगे। इसलिए उन्हें सकारात्मक और सृजनात्मक वातावरण देना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से अंग्रेजी में संवाद करें और उन्हें अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के कुछ प्रेरणादायक शिक्षकों का उदाहरण देते हुए बताया कि थोड़ी सी अतिरिक्त मेहनत और समझदारी से कैसे छात्रों के मनोबल को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण कर शिक्षण वातावरण एवं प्रबंधन की शैली से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समाधान किया जाएगा, लेकिन अच्छे परिणाम देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में शीघ्र ही स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, छात्रावासों में सोलर पंप और एग्जॉस्ट फैन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने 10 वीं और 12 वीं कक्षा के छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को 100 प्रतिशत लक्ष्य लेकर समूह अध्ययन करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य जांच, भोजन व्यवस्था और वातावरण को बेहतर बनाएं रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ऊषा लकरा, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, एसडीएम सोनहत राकेश साहू, जनपद सीईओ सोनहत, विद्यालय प्राचार्य वीके सिंह आदि उपस्थित रहे।

बच्चों से बातचीत करतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।


भोजन की गुणवत्ता देखती कलेक्टर।

### जिले में अब तक 297.3 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मानसून ने जोर पकड़ लिया है और लगातार हो रही बारिश से खेतों में हरियाली की उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 1.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि भरतपुर तहसील में अब तक की सर्वाधिक 366.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 9 जुलाई तक जिले में कुल औसत 297.3 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 246.1 मिमी, खड़गवां में 295.9 मिमी, चिरमिरी में 335.7 मिमी, केल्हारी में 213.2 मिमी, भरतपुर में 366.7 मिमी और कोटाडोल में 326.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है ।

### नेशनल हाईवे-43 पर गिरा विशाल पेड़...



मनेन्द्रगढ़। लगातार बारिश के चलते नेशनल हाइवे क्रमांक 43 पर गुरूवार को एक विशालकाय पेड़ अचानक गिर पड़ा, इससे सड़क पर यातायात बाधित हो गया है। पेड़ के गिरने से वहां से गुजर रही बिजली लाइन भी टूट गई, इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पेड़ गिरने के बावजूद वाहनों का आना-जाना जारी था, इससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता था। आश्चर्य की बात यह है कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंचे।

## जनदर्शन से भुनेश्वर को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में एक और आमजन को राहत मिली। ग्राम चिल्का, तहसील बैकुंठपुर निवासी भुनेश्वर सिंह पिता स्व. रामऔतार, जाति गोंड ने जनदर्शन में आवेदन देकर राजस्व अभिलेखों में सुधार की मांग की थी, इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उचित निराकरण किया गया।

आवेदक ने जानकारी दी कि ग्राम चिल्का स्थित खसरा नंबर 40, 46, 50, 53, 60, 64, 105, 119, 226 कुल रकबा 3.1000 हेक्टेयर भूमि उनके एवं उनकी माता स्व. कौशिल्या के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज थी। उनकी माता कौशिल्या का 27 अप्रैल को निधन हो गया, जिसकी सूचना व मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उन्होंने राजस्व अभिलेखों से उनकी माता का नाम विलोपित करने के लिए तहसीलदार बैकुंठपुर के समक्ष आवेदन दिया था। हालांकि, हल्का पटवारी द्वारा 3 जून को जांच प्रतिवेदन व पंचनामा प्रस्तुत कर दिया गया था, फिर भी अभिलेखों में संशोधन न होने के कारण श्री सिंह को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से खाद-बीज तथा केसीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समिति द्वारा सहखातेदार की सहमति पत्र की मांग की जा रही थी, जो स्वाभाविक रूप से प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं था।



प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर बैकुंठपुर तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त किया गया, तहसीलदार उनके घर पहुंचकर दुरुस्त राजस्व अभिलेख को उपलब्ध कराया, जिससे अब श्री सिंह को भूमि संबंधी लाभ व कृषिगत योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर।** गुरू पूर्णिमा 10 जुलाई के अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मां सरस्वती वंदना, गुरुजन एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई।

### ग्रामीण की बाड़ी में लगे 11 गांजे के पौधे जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी और अवैध खेती पर कड़ा रूख अपनाते हुए ग्राम पंचायत सिरौली में एक बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने एक ग्रामीण के मकान से लगे बाड़ी में अवैध रूप से उगाए गए 11 नग गांजे के पौधे जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिरौली निवासी एक व्यक्ति अपने मकान के पास स्थित बाड़ी में गांजे के पौधे उगा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मनेन्द्रगढ़ कोतवाली की टीम मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। तलाशी के दौरान बाड़ी में उगाए गए गांजे के 11 पौधे बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गांजे के पौधों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की एक अहम कड़ी मानी जा रही है।

### आदिवासी विकास को समाजशास्त्री दृष्टिकोण से देखना जरुरी

**मनेन्द्रगढ़।** आदिवासियों के विकास को समाजशास्त्री दृष्टिकोण से देखना आज की आवश्यकता है। आदिवासियों को यदि हम पुरातन परिवेश में आज भी देखना चाहेंगे तब यह उनके साथ अन्याय होगा। समय के अनुसार अब यह बदलाव का दृष्टिकोण धीरे-धीरे आंदोलन का रूप ले रहा है। मैं साहित्यकारों एवं समाज सेवी विद्वानों से भी इस विषय पर सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। उक्ताशय के विचार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकार एवं छग वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर के अध्यक्ष सतीश जायसवाल ने निदान सभागार में वनमाली सृजन केन्द्र मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए।

---

### समय परिवर्तन से पढ़ाई होगी प्रभावित, छोटे बच्चे होंगे परेशान

## आत्मानंद महलपारा में जगह नहीं, दो पाली में स्कूल संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा में पढ़ने वाले प्राथमिक स्तर कक्षा 1 से 5 वीं के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय में बदलाव किया गया है।

विद्यालय प्रबंधन के सूचना अनुसार 10 जुलाई से कक्षाएं प्रत्येक दिन सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय हिन्दी मीडियम के बच्चों के लिए भवन की व्यवस्था नहीं होने के लिए लिया गया है, बताया जा रहा है कि जर्जर भवन में खुले हिन्दी मीडियम स्कूल का छज्जा बीते दिवस गिर गया है, जिसकी वजह से एक पॉली में स्कूल संचालित कर पाना संभव नहीं है, विद्यालय प्रबंधन ने इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि इतनी सुबह छोटे बच्चों को स्कूल भेजना काफी कठिन हो गया है, खासकर मानसून सीजन में। इसके अलावा समय कम होने से बच्चों का पढ़ाई भी काफी प्रभावित होगा। कई पालकों ने स्कूल प्रबंधन और जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी से अपील किया है कि या तो विद्यालय भवन का विस्तार किया जाए, या फिर हिन्दी मीडियम के प्राथमिक खंड के लिए अलग भवन की व्यवस्था विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाए।

## खबर संक्षेप



### केदमा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**केदमा।** सामुदायिक भवन केदमा मे शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। केदमा अंतर्गत आने वाले पांचो स्कूलों ने एक साथ प्रवेश उत्सव मनाया जिसमें प्राथमिक शाला केदमा, बालक आश्रम,माध्यमिक शाला केदमा, हाई स्कूल केदमा एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल है। सभी नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर मुख्य अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती कृतिका सिंह ने कहा की बच्चों को पढ़ाना हर मां-बाप का सपना होता है और इस सपने को साकार करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। विशिष्ट अतिथि बृजेश चतुर्वेदी ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना जीवन संभव नहीं है देश एवं दुनिया आज शिक्षा के बल पर काफी आगे निकल चुकी हैं। बच्चे देश के भविष्य हैं सरकार भी बच्चों के शिक्षा के लिए पहले से आठवीं तक किताबें गणवेश एवं मध्यान भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करा रही है जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो और उन्हें समय-समय पर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। हाई स्कूल की बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्राचार्य कोमल धुर्वे ने कहा की सभी को शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए और माता-पिता अपने बच्चों के ऊपर शिक्षा के लिए हमेशा ध्यान दें। सत्र 2024 25 में बोर्ड परीक्षा में प्रथम आए छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह ने एक-एक हजार रुपए देकर सम्मानित किया। इस दौरान रामलाल सिंह, दीनानाथ यादव, बंधनों बाई, परतो राम तिर्की, प्रदीप चतुर्वेदी, खुश चंद साहू, प्रदीप, अनूप विश्वास, गुलाब दास, सिलिकॉन लकड़ा, बबलू तिग्गा, सुचित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शासकीय उमावि अजब नगर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजब नगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि एमडीसी के अध्यक्ष संदीप सरकार,प्रिंसिपल श्रीमती बिरजनिया केरकेट्टा, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह, अजीत समादार, श्यामल दास की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने पहली, 6 वीं व 9वी में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर ,मीठा खिलाकर एवं पुस्तक व ड्रेस वितरण कर स्वागत किया। अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। वहीं एक पौधा मां के नाम पर सभी अतिथि और शिक्षकों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मंच संचालक दामिनी ने किया। कार्यक्रम में रतन माली, आनंद विश्वास, तारक सरदार, दिनेश राजवाड़े, तारक सरकार, विनय कुमार ठाकुर, लक्ष्मी नारायण तिवारी, निरंजन एक्का, नवीन जैन, श्रीमती गामिनी सिंह, खेत शर्मा, ममता वर्मा, रश्मि, सुनीता सिंह, महिमा सिंह, नाहर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### एक ही दिन दो मासूम सहित एक दर्जन लोगों को किया जख्मी

# नगर में आवारा कुत्ता के आतंक से सहमे लोग



कुत्ता के काटने से घायल हुए बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर सहित आसपास क्षेत्रों में एक बार फिर आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। जिस तरह से आवारा कुत्ता की संख्या में वृद्धि हो रही है वह अब नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आवारा कुत्ता के आतंक से नगर के लोग उस समय सहम गए जब एक आवारा कुत्ता ने न सिर्फ दो मासूम पर जानलेवा हमला कर दिया बल्कि अलग अलग क्षेत्र में लगभग एक दर्जन लोगों काट जख्मी कर दिया। दो मासूम सहित अन्य घायलों को रामानुजगंज अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां घायलों का उपचार चल रहा है। आवारा कुत्ता के काटने की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कुत्ता ने कई लोगों पर हमला कर चुका है। आए दिन कुत्ता के काटने की घटना होने के बावजूद किसी प्रकार की सुरक्षा की पहल नहीं किए जाने से लोग चिंतित है।

**खास बात**

- घायलों का रामानुजगंज अस्पताल में चल रहा उपचार

कुछ दिनों से लगातार रामानुजगंज में कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है जो नगर वासियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। नगर का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां गली मोहल्लों में आवारा कुत्ता का झुंड नजर न आता हो। यह झुंड अचानक ही छोटे बड़े पालतू मवेशियों के अलावा बाइक व पैदल चलने वालों पर हमला कर देते है। मंगलवार को उस समय लोग सहम गए जब 12 बटालियन मुख्यालय में घुसे कुत्ता ने बटालियन परिवार के 2 वर्षीय मासूम अनीशा शांडिल्य आ. जयप्रकाश पर अचानक हमला कर गर्दन में काट लिया। गनीमत था की लोगों ने कुत्ता को काटते देख उसे भगाया और मासूम की जान बचाई। इस बीच आवारा कुत्ता ने आयुष आ.रामप्रताप (5 वर्ष), आकाश निराला आ. नरेश निराला (30 वर्ष) को भी काट कर घायल कर दिया। इधर जब सागर गैस एजेंसी में कार्य करने वाले सूरज अग्रवाल पानी पीने जा रहा था तभी उसे कुत्ता ने काट घायल कर दिया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 13 के विजय रवि (50 वर्ष) को भी कुत्ता ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोगों ने कुत्ता को भगाया तो कुत्ता ने उसी वार्ड के ही संतोष ठाकुर की 9 वर्षीय बेटी हिमांशी ठाकुर को काटकर घायल कर दिया। शंकरगढ़ से जिला न्यायालय में पेशी में आए ग्रामीण पर हमला कर काटने के बाद स्कूल से जा रहे बच्चे के बाह में बुरी तरीका से काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज 100 बिस्तर अस्पताल में चल रहा है।

#### भयभीत हो रहे लोग

अचानक बटालियन में दाखिल हुए कुत्ता के लोगों पर अचानक हमला करने से लोग भयभीत हो गए। एक के बाद एक लगातार हमला कर लोगों के काटने से लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कुत्ता के काटने से सबसे अधिक छोटे बच्चे घायल हुए। कुत्ता ने लगभग एक दर्जन लोगों पर हमला किया था जिसमें चार बच्चे शामिल है। जितने भी बच्चे को कुत्ता ने काटा गया वह बहुत ही खतरनाक तरीके से काटा था।

#### बच्चों एवं मवेशियों के लिए खतरनाक

नगर सहित आसपास क्षेत्र में आवारा कुत्ता की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। कुत्ता अलग अलग झुंड में होते है जो न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों को भी काट जख्मी कर देते है। आवारा कुत्ता अब बच्चों और मवेशियों के लिए काफी खतरनाक हो गए है। कई बार तो झुंड में रहने वाले कुत्ता मवेशियों के बछड़े पर हमला कर मौत के घाट उतार चुके है। इधर प्रशासन भी खतरनाक कुत्तों को पकड़ने में नाकामयाब रहा है। ऐसे में अगर बच्चे घर से निकलते है तो परिजन इस बात को लेकर चिंतित रहते है कि कहीं कोई आवारा कुत्ता न काट ले।

#### गर्भवती महिला व बच्चों को किया घायल

नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है विगत कई दिनों से कुत्ता काटने से अब तक दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। गत दिन पुनः कुत्ता ने स्कूल जा रही कुमारी मानवी आ. जितेंद्र प्रजापति को काट लिया। इसके अलावा 6 वर्षीय आदर्श पाल आ. विक्रम पाल भी स्कूल जाने के दौरान कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया। वहीं गर्भवती महिला प्रियंका सोनी पति रुपेश सोनी (25 वर्ष) को कुत्ता ने बाइक से जाने के दौरान काट दिया। 9 वर्षीय बच्ची आर्या एवं 24 वर्षीय प्रदीप को भी कुत्ता द्वारा काटकर घायल कर दिया। सभी कुत्ता काटने से घायल लोग 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचे जहां सभी का इलाज चल रहा है( यह सभी घटना आज सुबह घटना 8 से 10 बजे के बीच हुई।

#### नगर में कराई जा रही मुनादी

नगर में टीम बनाकर कुत्ता की निगरानी की जा रही है। साथ ही मुनादी कराई जा रही है जिससे लोग सतर्क रहें एवं जो पालतू कुत्ता है उनको बांधकर या गले में पट्टा पहन कर रखें। आवारा कुत्ता को को पकड़ कर शहर से बाहर छोड़ा जा रहा है।

**-रमन अग्रवाल**, नपा अध्यक्ष

#### उचित समाधान के लिए देता हू निर्देश

आवारा कुत्ता पर अंकुश लगाने तथा उचित समाधान करने के लिए लिए नगर पालिका को उचित कदम उठाने के निर्देश देता हूं।

-राजेंद्र कटारा
कलेक्टर बलरामपुर

## गुरु पूर्णिमा के साथ मना शाला प्रवेश उत्सव



**लखनपुर।** शासकीय हाई स्कूल लोसगा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गुरु और अपने माता-पिता को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीके गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी की उपस्थिति में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठय पुस्तक, गणवेश का वितरण करने के साथ ही मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। वहीं स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्रचार्य इशरत सुल्ताना अख्तर, धनंजय देवांगन, हेमसागर प्रधान, विकी कन्नुजिया, हरीश तिवारी, शिवकुमार नागेश, अंजना टोप्पो, मोहन मुरलीधर, मतीन अख्तर, सरपंच हरिलाल लकड़ा, पंच, पालक एवं ग्रमीण और स्कूल के बालक बालिका उपस्थित थे।



### प्राथमिक व माध्यमिक शाला पालदनौली में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**ओड़गी।** प्राथमिक व माध्यमिक शाला पालदनौली में शाला प्रवेश उत्सव जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिल, बच्चों के लिए भयमुक्त वातावरण तथा विद्यालय के प्रति समुदाय की सहभागिता के उद्धेश्य से सभी विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। कक्षा 1 ली व 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाने के साथ पाठ्य-पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। प्रदीप द्विवेदी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। सरपंच ऋषिराज सिंह व उप सरपंच शशांक प्रताप सिंह द्वारा विद्यालयों को पंचायत स्तर से आवश्यक सहयोग व शिक्षकों से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान पर जोर दिया। पूर्व सरपंच रामपाल सिंह तथा सेवा निवृत्त शिक्षक दुर्गा सिंह व उमाशंकर तिवारी ने नव प्रवेशी बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कुंजलाल यादव, भोरेलाल यादव, रामदेव पैकरा, सविता पाण्डेय, काजल सिदार, कौशिल्या सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### माध्यमिक शाला पोड़ी और सलका में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**मानीचौक।** क्षेत्र के माध्यमिक शाला पोड़ी और सलका में आज शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं एवं आठवीं के नवप्रवेशी छात्र,छात्राओं को अक्षत तिलक लगाकर कक्षा प्रवेश दिलाया गया। माध्यमिक शाला सलका रजवारी पारा में नव प्रवेशी 12 बच्चों को स्कूल के शिक्षकों ने बैग वितरण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच संगीता सिंह ने कहा कि शासन शिक्षा का स्तर को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण,गणवेश सहित अन्य योजना संचालित कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी पढ़ाई कर आगे बढ़ सके। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से प्रत्येक दिन बच्चों को स्कूल भेजने को बात कही। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान दिनेश सिंह, तिलसो बाई, अशोक कुमार, लक्ष्मी, शिवप्रसाद, सुनीता यादव, रंजना शर्मा, मोनी, महेश्वरी, तारा देवी, पूर्णिमा सोनी, विमला, दिलेश्वरी, गंगोत्री, साजन, प्रेम शंकर, शिवप्रसाद, लालू मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।



### जयनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**बिश्रामपुर।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े रहे।अन्य अतिथियों में मंडल महामंत्री देवशरण सिंह,एसएमडीसी अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया,प्राचार्या सुफियाना खलखो व कलिस्ता अक्खड़,शांतनु सिंह चौहान,जनपद सदस्य धनेश्वरी सिरदार,विनोद कुमार बिंझिया,ब्रह्मदेव बिंझिया, बीडीसी प्रतिनिधि निकुन सिरदार उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व पुस्तक देकर किया गया।स्वागत भाषण कृष्णपाल बिंझिया ने किया।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, मंडल महामंत्री देवशरण सिंह, शांतनु सिंह चौहान, विनोद कुमार बिंझिया ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं, उन्हें जैसा आकार देंगे वैसा ही बनेंगे व मजबूत होंगे।इस दौरान संकुल के समन्वयक हर्षनारायण शर्मा, आशीष पाण्डेय व अन्य उपस्थित थे, मंच का संचालन शिक्षिका उषा खलखो व आभार प्राचार्या सुफीयाना खलखो ने व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

### सीएम ने पीड़ित परिवार को 20 लाख सहायता की दी स्वीकृति

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में हुए दोहरे हत्याकांड में पीड़ित प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब के परिवार को आर्थिक सहायता स्वरूप 20 लाख रुपये राशि की स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।



श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मानवीय संवेदनाओं को समझते हुए यह त्वरित सहायता दिया जाना न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत दायक है, बल्कि यह प्रशासन की संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा अपने नागरिकों के साथ खड़ी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पीड़ित परिवार को नई आशा मिलेगी और समाज में न्याय व संवेदना की भावना और मजबूत होगी।

### सेफ्टी ऑफिसर की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** खड़गवां ओपन माइंस के सेफ्टी ऑफिसर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के मुनीरके साउथ वेस्ट 96 ए फ्लेट नंबर 29 निवासी पी कंदा स्वामी आ. एस पकरी स्वामी (53 वर्ष) खड़गवां कोल माइंस में सेफ्टी ऑफिसर के पद पर पदस्थ था। बीती रात अचानक सीने में दर्द एवं सांस लेने में परेशानी होने लगी। कोल माइंस के अन्य लोगों ने सेफ्टी ऑफिसर को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202507020700037**
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-2025
नमना कला प.ह .ह.न. 00020 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-रामलाल
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक रामलाल आ. स्व. धन्नाराम निवासी जनपद पारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नं. 256/6 रकबा 0.037 हे. भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08.08.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

उत्तराधिकार.प्र.क्र.-20/2025
प्रो.नं.- 391/2025

**ईश्तहार**

अमरावती शुक्ला बेवा स्व. चन्द्रभूषण शुक्ला, उम्र 75 वर्ष, निवासी दर्रीपारा (कबीर वार्ड), नगर म्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
-------आवेदिका

**प्रति**

1. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)
2. आम जनता, नगर-अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) -------

अनावेदकगण

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पति स्व. चन्द्रभूषण शुक्ला आ. स्व. रामअचल शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बिकापुर के अधीनस्थ लेखापाल के पद से दिनांक 31/01/2008 को सेवानिवृत्त हुए थे तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात जिला कोषालय अधिकारी, अम्बिकापुर से परिवार पेंशन का भुगतान होता था। आवेदिका के पति की मृत्यु दिनांक 25/04/2025 को इलाज के दौरान लखनऊ (उत्तरप्रदेश) में हुई थी तथा उनका अंतिम संस्कार एवं क्रियाकर्म दर्रीपारा, अम्बिकापुर स्थित निवास में हुआ था। आवेदिका के पति चन्द्रभूषण शुक्ला के नाम पर बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा अम्बिकापुर में बचत खाता क्र. 13360100007999 संचालित था। उक्त बैंक के बचत खाते में नामिनी के रूप में किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं होने के कारण बैंक द्वारा बचत खाते में जमा राशि का भुगतान रोक दिया गया है। इस हेतु आवेदिका द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी करने बावत प्रावधान अनुरूप आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्तानुसार आवेदिका अमरावती शुक्ला पति स्व. चन्द्रभूषण शुक्ला को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 08/08/2025 तक अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति अमान्य होगी। यदि किसी कारणवश उस तिथि को न्यायालयीन सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 08/07/25 को जारी किया गया।

(सुमित कुमार हर्षयाना)
न्यायालय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

**न्याया.- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

उ.प्र.क्र.-19/2025
प्रो.नं.- 382/25
आगामी पेशी तिथिः 04/08/2025

श्रीमती नेहा यादव पति स्व. अमित कुमार यादव उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम यादवपारा रामानुजनगर देवनगर, डेडरी थाना रामानुजनगर, जिला सूरजपुर छ.ग. हालमुकाम-निवासी ग्राम सोनपुरकला घुटरापारा, पो. परसा थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
-------आवेदिका

**प्रति**

1. कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर जिला सूरजपुर, छ.ग.
2 आम जनता/सर्व साधारण
-------

अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम यादवपारा रामानुजनगर देवनगर, डेडरी थाना रामानुजनगर, जिला सूरजपुर, छ.ग. हालमुकाम निवासी ग्राम सोनपुरकला घुटरापारा, पो. परसा थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पत्ति स्व. अमित कुमार यादव कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ.ग. में तृतीय श्रेणी/लिपिक के पद पर पदस्थ थे जिनकी मृत्यु दिनांक-13.05.2025 को सड़क दुर्घटना में होना बताते हुए स्व. अमित कुमार यादव के मृत्यु उपरांत उसको प्राप्त होने वाले समस्त देयकों को प्राप्त करने एवं अनुकम्पा नियुक्ति हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 04/08/2025 को नियत है।

अतः इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. अमित कुमार यादव के मृत्यु उपरांत प्राप्त होने वाले समस्त देयकों को प्राप्त करने एवं अनुकम्पा नियुक्ति हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 04/08/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 01.07.2025 को जारी किया गया।

(सुमीत कुमार हर्षयाना)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक -20 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक -19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

बैठने का समय :-
सुबह - 9:30 से 1:30 बजे तक
शाम - 6:00 से 8:00 बजे तक
डॉ. चंद्रांशु त्रिपाठी
MBBS, MS (General Surgeon) MCH (Urology)
Consultant Urologist, Andrologist, Uro-Oncologist
Laparoscopic & Kidney Transplant Surgeon
गुर्दा (किडनी), मूत्राशय एवं प्रोस्टेट रोग, पथरी, पुरुष प्रजनन रोग विशेषज्ञ
श्री राम हॉस्पिटल
सम्बंधित परेशानी एवं लक्षण हेतु
☑ पेशाब करने में कठिनाई, रक्त या असामान्य स्त्राव
☑ पीठ के निचले हिस्से में दर्द जननांगों में दर्द
☑ बार-बार पेशाब आना किडनी की पथरी
☑ गुर्दे व पेशाब नली के पथरी का सर्जरी
☑ पेशाब करते समय दर्द या जलन
☑ अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक द्वारा सभी प्रकार के पथरी का सर्जरी
शितला वार्ड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
जानकारी व पंजीयन हेतु 8770785415, 07774-220208

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CGHS से मान्यता प्राप्त
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज
सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ.राहुल अहलूवालिया
एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांकः 13 जुलाई 2025
दिन - रविवार
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro)
BHU Varanshi

CELEBRATING 17 YEARS OF EXCELLENCE
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
8435061866
9926020334
9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA | BCA | BBA | BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) | BA | MSC (BOTANY/ZOOLOGY) | MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) | MSC (PHYSICS) | MSC (CS/IT) | MCOM
MSW | MA* (HINDI) | PGDBM | PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों .98261-83771
NEW COLLEGE CAMPUS

## खबर संक्षेप

### हड़ताल के कारण लक्ष्य का 25 प्रतिशत हो सका कोल उत्पादन

**बिश्रामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम सुधार कानून सहित अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल का बिश्रामपुर व भटगांव क्षेत्र में आंशिक असर रहा।बिश्रामपुर क्षेत्र सामान्य दिनों की तरह बुधवार को करीब 2 हजार टन कोयला का उत्पादन किया, वहीं कोल डिस्पैच आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है।हड़ताल दिवस को बिश्रामपुर क्षेत्र ने उत्पादन की अपेक्षा दोगुना से ज्यादा 4486.82 टन कोयला रोड सेल के माध्यम से सम्बंधित पार्टियों को भेजा गया है।हड़ताल दिवस खदानवार कोयला उत्पादन की प्राप्त जानकारी अनुसार रेहर खदान को 226 टन कोयला उत्पादन करना था जबकि खदान से महज 20 टन ही कोयला निकाला जा सका।गायत्री खदान का लक्ष्य 1774 टन था जबकि यहां से महज 627 टन कोयला निकाला जा सका, देश की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान प्राप्त लक्ष्य 1516 टन की जगह 1300 टन कोयला निकाल सकी है।क्षेत्र की अन्य खदानों में आमगांव खदान से महज 60 टन कोयला उत्पादन हुआ।इस प्रकार क्षेत्र एकदिवसीय लक्ष्य 8,355 की जगह 2007 टन कोयला उत्पादन किया।जबकि क्षेत्र में हड़ताल दिवस 8400 क्यूबिक मीटर ओबी हटाने का का कार्य आमगांव खदान से हुआ है।वहीं भटगांव क्षेत्र से भी हड़ताल दिवस सामान्य दिनों की तरह 12 हजार टन कोयला का उत्पादन किया।दोनों क्षेत्रों में कोल कर्मचारियों की उपस्थित पचास प्रतिशत से अधिक रही है।

### महेशपुर की धरोहर उपेक्षित नाराज हुए प्रबल

**केदमा।** जिले के महेशपुर स्थित पुरातात्विक स्थल पर पहुंचे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने मूर्तियों की देखरेख में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यहां की ऐतिहासिक धरोहरों की सफाई और संरक्षण पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। मूर्तियों पर मिट्टी जमी है और कीड़े-मकोड़े घर बना चुके हैं। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर महेशपुर में शैव, वैष्णव और जैन धर्म से जुड़ी कई प्राचीन मूर्तियां और कलाकृतियां मौजूद हैं। यहां अब तक चार टीले खुदाई में सामने आए हैं। इन टीलों से शिव-पार्वती के मंदिर और मूर्तियों के अवशेष मिले हैं।
महेशपुर का यह क्षेत्र रामगढ़ के पास रेण नदी के किनारे स्थित है। यहां 8वीं से 13वीं सदी के बीच की कला और संस्कृति का अद्भुत विकास हुआ था। रामगढ़, महेशपुर का भू-भाग भगवान राम के वनगमन मार्ग से जुड़ा माना जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार, जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका यहां रेण नदी के रूप में प्रवाहित होती हैं। जूदेव ने यहां स्थापित प्राचीन शिवलिंग के दर्शन किए। प्राकृतिक सौंदर्य और कलाकृतियों को देखकर वे प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा करने की बात कही।

### सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूक में न करें समय नष्ट, शीघ्र पंहुचे अस्पताल

**सूरजपुर।** वनांचल क्षेत्र होने के कारण बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा वर्षा का पानी बिलों में भर जाने के कारण भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छू सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं। भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं औरलोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं। झाड़-फूक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़तिों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐसे में मामलों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 340, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2221 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 751 एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने किया गया पौधरोपण

**करवां।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और मातृत्व के प्रति श्रद्धा प्रकट करने की भावना से प्रेरित होकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल नवापारा लटोरी के खान प्रबंधक एमके चतुर्वेदी, सेफ्टी ऑफिसर प्रकाश चंद्रा, अभियंता अभिषेक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए।
प्रधानाध्यापक द्वारा योजना की महत्ता और इसके दूरगामी प्रभावों पर प्रकाश डाला। खान प्रबंधक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मां का स्थान हमारे जीवन में सबसे ऊपर है और पेड़ प्रकृति की मां के रूप में जीवनदायिनी हैं। यह केवल एक पौधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर है। अतिथियों एवं स्कूली बच्चों ने साथ मिलकर आम, मुनगा, कटहल, काजू, गुलमोहर एवं सजावटी पौधे विद्यालय परिसर में लगाए। लटोरी खान प्रबंधक की टीम के द्वारा आज हाई स्कूल लटोरी, माध्यमिक शाला लटोरी भंडार पारा, माध्यमिक शाला गजाधरपुर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शिक्षकों व एसईसीएल टीम ने पौधों की देखभाल का उत्तरदायित्व भी लिया। साथ ही लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार राजवाड़े, राघव प्रसाद, रवि शंकर सोनी, बद्री प्रसाद एक्का, नंदकिशोर कुशवाहा, शमा बेगम व अन्य उपस्थित थे।

## आम आदमी की पहुंच से दूर हुई सब्जियां

# लगातार बारिश ने बिगाड़ा सब्जियों का स्वाद, आसमान पर पहुंची कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में 20 दिनों तक हुई लगातार बारिश से सब्जियों की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा फसल खराब होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। हालत यह है कि आलू, प्याज को छोड़कर अन्य सभी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। सब्जी विक्रेता मौसम के अनुकूल रहने पर एक पखवाड़े में कीमतें सामान्य स्थिति में पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- बिगड़ रहा रसोई का बजट

बरसात के मौसम में हर साल सब्जियों की कीमत में उछाल आता है लेकिन लम्बे अर्से बाद इस बार जून में ही कीमतें आसमान पर पहुंच गई। आलू, प्याज की कीमतें यथावत हैं जबकि अन्य सब्जियों के दामों में चारगुना से अधिक की वृद्धि हो गई है। कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि होने के कारण सब्जियां सामान्य लोगों की पहुंच से दूर हो गई हैं वहीं मध्यम वर्गीय परिवार के बजट को बिगाड़ रही है। यह भी सच है कि सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सरगुजा के किसान प्रदेश स्तर पर लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं। सब्जी उत्पादन के रकबे में भी लगातार वृद्धि हो रही है इसके बावजूद बरसात में मांग के अनुरूप सब्जियों का उत्पादन नहीं हो रहा है। पूर्व में बरसात के समय सरगुजा में टमाटर का उत्पादन नहीं होता था लेकिन उत्पादक किसानों ने अपनी मेहनत से ब बड़े पैमाने पर बरसात में टमाटरका उत्पादन कर अच्छी कमाई कर रहे हैं। अन्य सब्जियों का भी उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है लेकिन किसानों को अभी तक लगातार बारिश से फसलों को बचाने का उपाय नहीं मिल पाया है।

गुदरी बाजार मे सब्जी बेचते ग्रामीण, इनसेट में पुटू बेचते व्यापारी।

### पुटू 400 रुपए किलो

सरगुजा में जंगलों में बहुतायत में पाए जाने वाले पुटू, खुखड़ी की भारी मांग है। प्रारंभ में 600 रूपए किलो बिकने वाला पुटू अब 400 रूपए किलो बिक रहा है तथा लोग इसे खरीद भी रहे हैं। अभी खुखड़ी की आवक बेहद कम हो रही है। लोग इसे प्राकृतिक मशरूम की किस्म बताते हैं तथा इसके स्वाद को काफी पसंद करते हैं। सरगुजा का पुटू अब महानगरों तक पहुंच गया है। पुटू एवं खुखड़ी की कीमतें अत्यधिक होने के बावजूद इसकी जमकर बिक्री हो रही है।

### बैंगलोर से पहुंच रहा टमाटर

टमाटर की कीमतें 60 रूपए किलो पहुंच गई थी। बारिश में उत्पादन प्रभावित होने के बाद अब व्यापारी बैंगलोर का टमाटर मंगा रहे हैं। बैंगलोर का टमाटर पहुंचने के बाद स्थायी टमाटर का क्रेज कम हो गया है टमाटर उपलब्धता के आधार पर 35-40 रूपए किलो बिक रहा है। बरसात के समय व्यापारी पड़ोसी राज्यों एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से सब्जियां मंगाते हैं लेकिन लगातार बारिश के कारण बाहर से आने वाली सब्जियां खराब हो जा रही हैं जिसके कारण व्यापारी बाहर की सब्जियां नहीं मंगा रहे हैं। मौसम में बदलाव होने एवं बीच-बीच में नियमित धूप निकलने पर सब्जियों का उत्पादन बढ़ने एवं दूसरे राज्य से भी सब्जियों की आवक होने पर कीमतों में कमी आने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारों का कहना है कि मई में मौसम अनुकूल होने एवं अच्छी वर्षा होने के कारण कृषकों ने टमाटर सहित अन्य बरसाती सब्जियों की फसल लगा दिए थे। जून में जैसे ही फल आने शुरू हुए बारिश प्रारंभ हो गई। लगातार 20 दिनों तक बारिश होने के कारण सब्जियो की फसल रूग्ण होकर सड़ने लगी। इस बीच धूप नहीं निकलने के कारण अधिकांश फसल गल गई। टमाटर एवं मिर्च की 75 फीसदी से अधिक फसल खराब हो गई वहीं अन्य सब्जियों की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। लगातार बारिश के कारण बची फसल में फल-फूल आना बंद हो गया। उत्पादन कम होने एवं मांग अधिक होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। हालत यह है कि बरसात में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाला कुंदरू भी 60 रूपए किलो बिक रहा है। बरसात में होने वाले कोचई, साखेन आदि भी दोगुने कीमत पर बिक रहे हैं।

### लगातार बढ़ रहा रकबा

सरगुजा सम्भाग में सब्जी की खेती का रकबा लगातार बढ रहा है। ऊंचे खेतों में दलहन-तिलहन की खती करने वाले किसान भी सब्जियों की खेती को अपना रहे हैं क्षेत्र की मिट्टी एवं मौसम के अनुसार विभिन्न किस्मों की खेती कर रहे हैं। इतना सबकुछ होने के बावजूद लगातार बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हालत यह है कि करेला, बरबट्टी, डोड़का, परवल 80 रूपए किलो की दर से बिक् रहा है।

### 15 दिन में होगा सुधार

लगातार बारिश होने के कारण फसलों के खराब होने एवं उत्पादन घटने के कारण कीमतें बढ़ी हैं। अब धूप निकल रही है। मौसम अनुकूल रहा तो एक सप्ताह में उत्पादन बढ़ जाएगा तथा 15 दिन में कीमतें सामान्य हो जाएंगी।

-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

# एनएच 43 स्थित सिलफिली कालीघाट मार्ग बदहाल

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-अम्बिकापुर को जोड़ने वाली एन एच 43 की स्थिति दिन ब दिन बदहाल हो चली है जो कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के लिए असहनीय स्थिति बन रही है।खासकर सिलफिली बटालियन से लेकर कालीघाट तक का मार्ग इस कदर जर्जर हो चुका है कि हर गुजरने वाले वाहनों को दुर्घटना होने का भय बना रहता है।जगह-जगह बने खतरनाक गड्ढों ने इस महत्वपूर्ण राजमार्ग को दुर्घटना पथ में तब्दील कर दिया है। इस गंभीर स्थिति को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर सूरजपुर को एक ज्ञापन सौंपकर इसकी शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की है है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य आरंभ नहीं किया गया, तो वे ग्रामीणों और स्थानीय जनसमूह के साथ मिलकर एन एच चक्का जाम व आंदोलन करेंगे।गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के इस हिस्से में सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया व मालवाहक वाहन गुजरते हैं, सिलफिली से कालीघाट तक के रास्ते में छोटे-बड़े गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर, निकली हुई गिट्टी और बारिश के पानी से लबालब भरे गढ्ढों में से गुजरना आफत भरा सफर है।नेशनल हाइवे पर हो रही लगातार दुर्घटनाओं से आम नागरिकों में अब भारी आक्रोश पनप रहा है। रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चे, आपातकालीन स्थिति के मरीज, ग्रामीण, व्यापारी, कामकाजी युवा और महिलाओं को इस रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है और कभी भी वे बड़ी दुर्घटना का शिकार बन सकते हैं, ख़ासकर दो पहिया वाहन चालकों को तो भारी खतरा है।जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा कि यह केवल सड़क की बात नहीं है,यह लोगों की जान की सुरक्षा का सवाल है,राज्य सरकार के लिए भले ही यह केवल एक फाइल का मामला होगा।यदि एक सप्ताह के अंदर सड़क मरम्मत का कार्य नहीं शुरू किया गया, तो यह आंदोलन अब जनसंघर्ष का रूप लेगा।

**खास बात**
- शीघ्र मरम्मत कराने जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मरम्मत नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि कार्यों की समीक्षा

बैठक लेती कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास, श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के 154 जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहां रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 15 जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### नालियों का कराएं नियमित सफाई

कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं व व्यवस्था का निरीक्षण भी करें, मोहल्ले व कॉलोनियों में कीटनाशक व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव भी करें।

# पांचवीं-आठवीं की अंकसूची में त्रुटि बच्चे व अभिभावक दोनों परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सिलफिली क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष कक्षा 8 वीं के रिजल्ट में हुई गंभीर गड़बड़ी ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को गहरे संकट में डाल दिया है। रिजल्ट में त्रुटियों के चलते कई बच्चों का कक्षा 9 वीं में प्रवेश रुक गया है, जिससे न सिर्फ शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है बल्कि बच्चों के भविष्य पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।बताया जा रहा है कि कक्षा 8 वीं का जो वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया है, उसमें नाम, माता व पिता का नाम और विषयवार विवरण में भारी विसंगतियां पाई गई हैं। इन गड़बड़ियों के चलते बच्चों को आगे की कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। नतीजा यह कि जहां एक ओर नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, वहीं ये बच्चे और उनके अभिभावक स्कूलों के चक्कर लगाते फिर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि वे लगातार शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है।इस पूरे मामले में सबसे चिंता की बात यह है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। न तो कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और न ही कोई उचित कदम उठाए जा रहे हैं ।इससे लोगों में विभाग की कार्यशैली को लेकर गहरी नाराजगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने चेताया है कि यदि शीघ्र ही रिजल्ट की गलतियों को सुधारते हुए बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

### दूसरी बार छपी अंकसूची उसमें भी गड़बड़ी

बताया जाता है कि नई शिक्षा नीति के तहत इस वर्ष पांचवी आठवीं की केंद्रीयकृत(बोर्ड) की परीक्षा ली गई थी जिसमें जिलावार बच्चों के प्राप्तांक व उनके डीटेल एक्सल डाटा में संग्रह कर मार्कशीट प्रिंटिंग के लिए रायपुर भेजा गया था, जहां पहली बार भेजी गई अंकसूची में बड़ी त्रुटि मिलने के बाद उसका वितरण रोक दिया गया था, बाद में सुधार कर दूसरी बार अंकसूची आई है उसमें भी कई विद्यार्थियों के नाम सहित अन्य विवरण में त्रुटि मिल रही है जिससे बच्चों और अभिभावक परेशान हैं।इस संबंध में सूरजपुर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोरते ने बताया कि दूसरी बार भी रायपुर से बनकर आई अंकसूची में गड़बड़ी की जानकारी मिली है गड़बड़ी वाले अंकसूची का वितरण रोक दिया गया है।डाटा संग्रह कर पुनः रायपुर भेज रहे है सुधार के बाद अंकसूची का वितरण होगा,इसमें परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है,प्रवेश के लिए किसी भी बच्चे को दिक्कत न हो इसके लिए सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है, स्कूल के रिकॉर्ड के आधार पर बच्चों को संबंधित विद्यालय में तत्काल प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है।

### नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप के साथ पकड़ा गया युवक

सूरजपुर। घर में अवैध रूप से नशीला इंजेक्शन एवं कफ सीरप की बिक्री कर रहे युवक को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने युवक के विरुद्ध एनडीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी उप निरीक्षक प्रदीम वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि महुआ पारा निवासी मनीष साहू घर में अवैध रूप से नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप बिक्री कर रहा है। सूचना पर आबकारी की टीम ने मनीष के घर दबिश देकर उसके पास से 20 नग इंजेक्शन एवं 16 न कफ सीरप बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक देवेंद्र कुमारी सहित अन्य सक्रिय रहे।

# मंत्री के प्रयासों से मिली सूरजपुर को सड़क विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भटगांव से अनरोखा पकनी मार्ग के चौड़ीकरण को मिली 10 .95 करोड़ की मंजूरी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सूरजपुर जिले में भटगांव से अनरोखा पकनी तक 7.80 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण व निर्माण को राज्य शासन ने 10.95 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। यह मंजूरी वित्त विभाग की सहमति के बाद जारी हुई है। यह सड़क परियोजना आवागमन को सुगम बनाने के साथ व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति देगी।

क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गंभीरता से लेकर सरकार के समक्ष लगातार रखा, जिसके फलस्वरूप स्वीकृति प्राप्त हुई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। यह सड़क बरसात में होने वाली दिक्कतों को खत्म कर एंबुलेंस, स्कूल वाहन व आपातकालीन सेवाओं की सुविधा बढ़ाएगी। परियोजना की गुणवत्ता और समय सीमा की निगरानी संबंधित विभाग द्वारा की जाएगी। यह कार्य न सिर्फ बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि क्षेत्रीय विकास का नया अध्याय भी जोड़ेगा।

# एसएसपी ने ऑपरेशन तलाश अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले की पुलिस ने ऑपरेशन तलाश में गुम हुए महिला एवं पुरूषों को दस्तयाब करने बड़ी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए 119 लोगों को दस्तयाब करने में सफल रही है। दस्तयाब के इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 1 से 30 जून तक ऑपरेशन तलाश चलाया गया। अभियान के पूर्व 381 गुम इंसान दर्ज किए गए थे।

- 119 गुम इंसानों को किया परिजन के सुपुर्द

एसएसपी ने अभियान के दौरान सफलता के लिए नोडल अधिकारी की चयन, टीमों को दस्तयाबी के लिए प्रोत्साहित कर लगाना एवं नई तकनीकी साधनों के बेहतर उपयोग एवं पूरी क्षमता के दस्तयाबी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान गुम हुए प्रत्येक व्यक्तियों के घर पर जाकर उनके परिजनों से संपर्क करते हुए हर एक प्रकरण की समीक्षा करने के उपरांत रणनीति बनाकर टीम का गठन

कर ऐसे संभावित स्थान पर रवाना किया गया, जहां गुम व्यक्ति के मिलने की संभावना थी। अभियान में रेंज के सूरजपुर पुलिस गुम इंसान दस्तयाबी के प्रतिशत में प्रथम स्थान पर रहा। ऑपरेशन तलाश के तहत थाना सूरजपुर द्वारा 31, थाना चंदौरा 2, थाना भटगांव 19, थाना ओड़गी 5, थाना प्रतापपुर 10, थाना रामानुजनगर 22, थाना विश्रामपुर 13, थाना झिलमिली 5, थाना प्रेमनगर 3, थाना जयनगर 6, थाना चांदनी 3 जिसमें 103 महिला एवं 16 पुरूष सहित कुल 119 गुमशुदा व्यक्ति को दिल्ली, गोवा, बिहार व अन्य जिलों से दस्तयाब किया गया है। सभी गुम इंसानों को सकुशल उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। तलाश अभियान के दौरान थाना विश्रामपुर क्षेत्र की एक गुम महिला को दिल्ली के जाफराबाद में होने की जानकारी हाथ लगने पर पुलिस टीम दिल्ली जाकर काफी पतासाजी व खोजबीन और सूझबूझ का इस्तेमाल कर महिला को दस्तयाब करने में सफल रही, गुम महिला के 2 छोटे बच्चे है जिन्होंने अपनी मां को वापस पाकर उनके चेहरे खिल उठे। गुम इंसान की दस्तयाब के लिए चलाए गए ऑपरेशन तलाश के प्रभावी क्रियान्वयन, गठित टीम द्वारा दस्तयाब करने, दस्तयाब संवेदनशीलता से करने, संचार माध्यमों के जरिये बेहतर समन्वय बनाकर उत्कृष्ट कार्य पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने निरीक्षक जावेद मियांदाद, एएसआई राकेश यादव, मनोज द्विवेदी, राजकिशोर खलखो, क्षेत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर केरकेट्टा, करन नेताम, कृष्णकांत पाण्डेय, हीरालाल बखला, नवीन सिंह, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा पैंकरा, प्रधान आरक्षक पवन कुमार, अनिल कुजूर, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक युवराज यादव व रोशन तिर्की को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736